तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.05.2026	पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता अपीलार्थीगण बावजूद सूचना के आज भी अनुपस्थित। रूक-रूक कर तीन चार बार आवाजें लगवाने पर भी अपीलार्थीगण तथा उनके अधिवक्ता में से कोई भी उपस्थित नहीं। रेस्पोडेन्ट की तामील अब तक शेष है। अधिवक्ता अपीलार्थीगण ने आज भी रेस्पोडेन्ट की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया तथा आज भी बावजूद सूचना के उपस्थित नहीं हुए हैं। अधिवक्ता अपीलार्थीगण ने प्रकरण प्रस्तुत करने के पश्चात् लगभग 02 वर्ष की अवधि व्यतीत होने के बाद भी आदिनांक तक रेस्पोडेन्ट की तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं किया है तथा प्रकरण में दिनांक 27.05.2025 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। अधिवक्ता अपीलार्थीगण को पेशी दिनांक 06.05.2026 पर न्यायहित में अन्तिम अवसर देते हुए निर्देशित किया गया था कि आगामी पेशी पर तामील हेतु नोटिस प्रोसेस पेश नहीं करने तथा अनुपस्थित रहने पर कोई अवसर देय नहीं होकर पत्रावली खारिज कर दी जावेगी फिर भी अधिवक्ता अपीलार्थीगण आज भी बावजूद सूचना के उपस्थित नहीं हुए है अर्थात् वे अपने प्रकरण के प्रति गम्भीर नहीं है। पुनः न्यायालय समय में रूक-रूक कर आवाजें लगवाई गई फिर भी अपीलार्थीगण तथा उनके अधिवक्ता में से कोई भी उपस्थित नहीं। अतः प्रकरण अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली मय निर्णय की प्रति के प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	